# CBSE Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 9 नए साम्राज्य और राज्य

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
प्रशस्ति किसे कहते हैं?
उत्तर:
प्रशस्ति एक विशेष किस्म का अभिलेख है, जिसे प्रायः राजाओं की प्रशंसा करने के लिए लिखा जाता है।

प्रश्न 2.
आप कैसे कह सकते हैं कि समुदगुप्त एक संगीतज्ञ भी था?
उत्तर:
समुद्रगुप्त को एक सिक्के में वीणा बजाते हुए दिखाया गया है।

प्रश्न 3.
समुद्रगुप्त ने किन शासकों के राज्यों को अपने साम्राज्य में मिला लिया था?
उत्तर:
समुदगुप्त ने आर्यावर्त के नौ शासकों को हराकर उनके राज्यों को अपने साम्राज्य में मिला लिया था।

प्रश्न 4.
गुप्त शासन के महत्वपूर्ण केन्द्र कौनसे थे?
उत्तर:
प्रयाग, उज्जैन तथा पाटलिपुत्र गुस शासन के महत्वपूर्ण केन्द्र थे।

प्रश्न 5.
हर्षचरित में क्या वर्णन दिया गया है?
उत्तर:
हर्षचरित में हर्षवर्धन की वंशावली तथा उनके राजा बनने तक का वर्णन मिलता है।

प्रश्न 6. वंशावली किसे कहते हैं?
उत्तर:
किसी व्यक्ति से सम्बन्धित वह विवरण जिसमें उसके पूर्वजों का एक निश्चित एवं निरन्तर क्रम में उल्लेख मिलता है, वंशावली कहलाती है।

प्रश्न 7.
हर्ष थानेसर के राजा कब बने?
उत्तर:

हर्ष अपने पिता और बड़े भाई की मृत्यु होने पर थानेसर के राजा बने।

प्रश्न 8.
हर्ष ने किन दो राज्यों को जीता?
उत्तर:

- मगध
- बंगाल।

प्रश्न 9.
पल्लवों का राज्य कहाँ विस्तृत था?
उत्तर:
पल्लवों का राज्य उनकी राजधानी कांचीपुरम के आस-पास के क्षेत्रों से लेकर कावेरी नदी के डेल्ट तक फैला था।

प्रश्न 10.
सबसे प्रसिद्ध चालुक्य राजा कौन था?
उत्तर:
पुलकेशिन द्वितीय सबसे प्रसिद्ध चालुक्य राजा था।

प्रश्न 11.
पुलकेशिन द्वितीय का दरबारी कवि कौन था?
उत्तर:
पुलकेशिन द्वितीय का दरबारी कवि रविकीर्ति था।

प्रश्न 12.
राजाओं के लिए आय का मुख्य साधन क्या था?
उत्तर:
राजाओं के लिए आय का मुख्य साधन भूमि कर था।

प्रश्न 13.
प्रशासन की प्राथमिक इकाई क्या थी?
उत्तर:
प्रशासन की प्राथमिक इकाई गाँव होते थे।

प्रश्न 14.
सामंत व्यवस्था की सबसे बड़ी हानि क्या थी?
उत्तर:
जहाँ कहीं भी शासक दुर्बल होते थे, ये सामंत स्वतंत्र होने की कोशिश करते थे।

प्रश्न 15.
'उर' को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

दक्षिण में जिन इलाकों के भू - स्वामी ब्राह्मण नहीं थे, वहां 'डर' नामक ग्राम सभा होती थी।

प्रश्न 16.
'नगरम' क्या है?
उत्तर:
'नगरम' व्यापारियों के एक संगठन का नाम था।

प्रश्न 17.
कालिदास का सबसे प्रसिद्ध नाटक कौनसा है?
उत्तर:
कालिदास का सबसे प्रसिद्ध नाटक 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' है।

प्रश्न 18.
गुसकाल एवं आस - पास के जमाने में आम लोगों की जानकारी हमें कहाँ से मिलती है?
उत्तर:
उस काल के आम लोगों के जीवन की थोड़ी - बहुत जानकारी हमें नाटकों तथा कुछ अन्य विवरणों से मिलती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
प्रशस्ति के बारे में आप क्या जानते हैं?
उत्तर:
प्रशस्ति: यह एक विशेष किस्म का अभिलेख है, जिसे प्रशस्ति कहते हैं। यह एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ'प्रशंसा' होता है। राजा के दरबारी कवि उनकी प्रशंसा में प्रशस्ति लिखते थे। प्रशस्तियां लिखने का प्रचलन पहले भी था। परन्तु गुप्तकाल में इनका महत्व और बढ़ गया। समुदगुप्त के दरबार में कवि व मंत्री रहे हरिषेण द्वारा एक काव्य के रूप में समुदगुम की प्रशस्ति की रचना की गई थी।

प्रश्न 2.
विक्रम संवत् का संबंध किससे है? इसकी स्थापना किसने और क्यों की?
उत्तर:
विक्रम संवत्: 58 ईसा पूर्व में प्रारंभ होने वाले विक्रम संवत् का संबंध परंपरागत रूप से गुप्त राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय के नाम से जोड़ा जाता है। माना जाता है कि चन्द्रगुप्त
द्वितीय ने शकों पर विजय के प्रतीक के रूप में इस संवत् की स्थापना की तथा विक्रमादित्य की उपाधि धारण की थी।

प्रश्न 3.
दक्षिण के राज्यों की सभाओं का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
पल्लवों के अभिलेखों में दक्षिण में कई स्थानीय सभाओं के बारे में बताया गया है:

1. सभा: यह ब्राह्मण भूस्वामियों का संगठन था। ये सभाएँ उप - समितियों के जरिए सिंचाई,खेतीबाड़ी से जुड़े विभिन्न काम, सड़क निर्माण, स्थानीय मंदिरों की देखरेख आदि का काम करती थीं।

2. उर: जिन इलाकों के भूस्वामी ब्राह्मण नहीं थे वहाँ उर नामक ग्राम सभा होती थी।
3. नगरम: यह व्यापारियों के एक संगठन का नाम था। संभवतः इन सभाओं पर धनी तथा शक्तिशाली भूस्वामियों और व्यापारियों का नियंत्रण था। इनमें से बहुत-सी स्थानीय सभाएँ शताब्दियों तक काम करती रहीं।

प्रश्न 4.
कालिदास के नाटकों की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
कालिदास के नाटकों की विशेषताएँ:

1. कालिदास के नाटकों में प्रायः राज - दरबार के जीवन का चित्रण होता था।
2. इन नाटकों में राजा और अधिकांश ब्राह्मणों को संस्कृत बोलते हुए दिखाया गया है जबकि अन्य लोग तथा महिलाएं प्राकृत बोलते हुए दिखाए गए हैं।
3. उनका सबसे प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान - शाकुन्तलम् दुष्यंत नामक एक राज और शकुन्तला नाम की एक युवती की प्रेम कहानी है।
4. इस नाटक में एक गरीब मछुआरे के साथ राजकर्मचारियों के दुव्यवहार की बात कही गई है।

प्रश्न 5.
चीनी तीर्थयात्री फा - शिएन ने तत्कालीन समाज व्यवस्था की किस कमी का उल्लेख किया?
उत्तर:

1. चीनी तीर्थयात्री फा - शिएन ने तत्कालीन समाज में व्याप्त छुआछूत की व्यवस्था का उल्लेख किया।
2. अछूत माने जाने वाले लोगों को शहरों के बाहर रहना पड़ता था।
3. शहर या बाजार के भीतर आते समय सभी को आगाह करने के लिए ये लकड़ी के एक टुकड़े पर चोट करते रहते थे। यह आवाज सुनकर लोग सतर्क होकर अपने को, छु जाने से या किसी भी प्रकार के संपर्क से बचाते थे।

प्रश्न 6.
सेनाएँ किस प्रकार अपने पीछे विनाश के निशान छोड़ जाती थीं?
उत्तर:
बाणभट्ट ने लिखा है कि जब राजा की सेनाएँ अभियान पर निकलती थीं तो ये सेनाएं अपने पीछे विनाश और विष्वंस की निशानी छोड़ जाती थीं। हाथी गाँव वालों की झोपड़ियाँ कुचल डालते थे और व्यापारियों के काफ़िलों में जुते बैल, इस हलचल भरे माहौल से डरकर भाग खड़े होते थे। बाणभट्ट लिखते हैं - "पूरी दुनिया धूल के गर्त में डूब जाती थी।"

प्रश्न 7.
इस्लाम के प्रादुर्भाव तथा प्रसार के बारे में आप क्या जानते हैं?
उत्तर:
इस्लाम का प्रादुर्भाव एवं प्रसार:
इस्लाम के प्रवर्तक पैगम्बर मुहम्मद थे। इन्होंने लगभग 1400 साल पहले अरब में इस्लाम की शुरुआत की। ईसाई धर्म की तरह इस्लाम ने भी अल्लाह को सर्वोपरि माना है, उनके बाद सभी को समान माना गया

https://www.evidyarthi.in/

है। अगले सौ सालों के दौरान इस्लाम उत्तरी अफ़्रीका, स्पेन, ईरान और भारत में फैल गया। अरब नाविक, जो इस उपमहाद्वीप की तटीय बस्तियों से पहले से ही परिचित थे, अब अपने साथ इस नए धर्म को भी ले आए। अरब के सिपाहियों ने करीब 1300 साल पहले सिंध (आज के पाकिस्तान में) को जीत लिया था।